परिशिष्ट

एनबीएफसी-यूएल के रूप में एनबीएफसी की पहचान के लिए अंक निर्धारण पद्धति

अपर लेयर में अधिकतम एनबीएफसी शामिल होंगे, जिसकी पहचान मात्रात्मक और गुणात्मक मापदंड /पर्यवेक्षी निर्णय को शामिल करते हुए एक मापदंड अंकन पद्धति के माध्यम से की जाएगी। मात्रात्मक और गुणात्मक मापदंडों की भारिता क्रमश 70 प्रतिशत और 30 प्रतिशत होगी । एनबीएफसी-यूएल के रूप में एनबीएफसी की पहचान के लिए अंक निर्धारण पद्धति निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करने वाले एनबीएफसी के समूह पर आधारित होगी:

a. तुलन पत्र से इतर एक्सपोजर के समतुल्य ऋण एक्सपोजर सहित उनके कुल एक्सपोजर के आधार पर शीर्ष के **50** एनबीएफसी (आस्ति आकार के आधार पर शीर्ष के दस एनबीएफसी को छोड़कर, जो अपने आप अपर लेयर में आते हैं) ।

b. पिछले वर्ष एनबीएफसी-यूएल के रूप में नामित एनबीएफसी ।

c. पर्यवेक्षी निर्णय का उपयोग कर पर्यवेक्षकों द्वारा समूह में शामिल किए गए एनबीएफ़सी ।

उपरोक्त समूह में सभी एनबीएफसी के अंकों की गणना प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को उनकी स्थिति के आधार पर प्रत्येक वर्ष की जाएगी ।

पैरामीट्रिक विश्लेषण के घटक

	पैरामीटर	**उप-पैरामीटर**	**उप-पैरामीटर की भरिता**	**पैरामीटर की भरिता**
मात्रात्मक पैरामीटर (70%)	**1. आकार और लीवरेज**	कुल एक्सपोजर (तुलन पत्र और तुलन पत्र से इतर) और लीवरेज (कुल इक्विटी के लिए कुल ऋण)	20 + 15	35
		(i) अंतः वित्तीय प्रणाली आस्तियां	10	25

	पैरामीटर	उप-पैरामीटर	उप-पैरामीटर की भरिता	पैरामीटर की भरिता
	2. अंतर-संबंधता	• वित्तीय संस्थानों को ऋण (बिना कठोर प्रतिबद्ध भुगतान अवधि सहित); • अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी प्रतिभूतियों की धारिता • अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ निवल बाजार भाव रिवर्स पुनर्खरीद समझौतों की समीक्षा । • वित्तीय संस्थानों के साथ निवल बाजार भाव ओटीसी डेरिवेटिव।		
		(ii) अंतः वित्तीय प्रणाली देयताएँ • वित्तीय संस्थानों से उधार (बिना कठोर प्रतिबद्ध भुगतान अवधि सहित) • वित्तीय संस्थानों को वित्त कंपनी द्वारा जारी की गई सभी विपणन योग्य प्रतिभूतियां; • अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ निवल बाजार भाव रिवर्स पुनर्खरीद समझौतों; • वित्तीय संस्थानों के साथ निवल बाजार भाव ओटीसी डेरिवेटिव।	10	
		(iii) गैर-वित्तीय संस्थानों के साथ बकाया प्रतिभूतियां (एनबीएफसी द्वारा जारी)	5	
	3. जटिलता	*(i) काउंटर पर (ओटीसी) डेरिवेटिव्स की कल्पित राशि* • किसी केंद्रीय प्रतिपक्ष के माध्यम से मंजूर ओटीसी डेरिवेटिव • द्विपक्षीय रूप से समायोजित ओटीसी डेरिवेटिव	5	10
		(ii) ट्रेडिंग और बिक्री के लिए उपलब्ध प्रतिभूतियां	5	

	पैरामीटर	उप-पैरामीटर	उप-पैरामीटर की भरिता	पैरामीटर की भरिता
गुणात्मक पैरामीटर/पर्यवेक्षी इनपुट (30%)	**4. देयताओं की प्रकृति और प्रकार**	• अल्पकालिक वित्तपोषण पर निर्भरता की मात्रा सहित देयताओं की राशि और प्रकार • चलनिधि आस्ति अनुपात, जिसका उद्देश्य एक गैर-बैंक वित्तीय कंपनी की अल्पकालिक ऋण चुकाने की क्षमता का संकेत देना। • निवल नकदी बहिर्वाह के लिए भाररहित और अत्यधिक चलनिधि आस्तियों का अनुपात जो एक गैर-बैंक वित्तीय कंपनी अल्पकालिक दबाव परिदृश्य का सामना कर सकती है। • कुल ऋण का एक अंश के रूप में प्रतिदेय ऋण, जो ब्याज दरों में परिवर्तन के कारण एक गैर-बैंक वित्तीय कंपनी की उत्पन्न निधीयन स्थिति का प्रबंधन करने की क्षमता का उपाय प्रदान करता है। • आस्ति समर्थित निधीयन बनाम अन्य वित्तपोषण, विशेष रूप से ऋण बाजारों में संकट के लिए एक गैर-बैंक वित्तीय कंपनी की संवेदनशीलता निर्धारित करने के लिए । • आस्ति -देयता अवधि और अंतराल विश्लेषण, जिसका उद्देश्य यह इंगित करना है कि कोई गैर-बैंक वित्तीय कंपनी किसी गैर-बैंक वित्तीय कंपनी की आस्तियों और देयताओं के पुनर्मूल्य निर्धारण और परिपक्वता से कितनी अच्छी तरह मेल खाती है।	10	30

	पैरामीटर	उप-पैरामीटर	उप-पैरामीटर की भरिता	पैरामीटर की भरिता
		• विभिन्न प्रकार अर्थात जमानती कर्ज प्रतिभूतियाँ, गौण ऋण प्रतिभूतियां; अधिमानित शेयर/सीसीपीएस; सीपी; गैर-जमानती ऋण; प्रतिभूतिकरण और कोई अन्य के उधारी पर एक अध्ययन		
	5. समूह संरचना	• संस्थाओं की कुल संख्या • परतों की कुल संख्या • कुल अंतः समूह एक्सपोजर	10	
	6. क्षेत्र में व्यापन	किसी विशिष्ट व्यवसाय या क्षेत्र को ऋण के स्रोत के रूप में एनबीएफसी का महत्व	10	
		कुल अंक		**100**

***